अष्टम माला, खंड 5, अंक 37

सोमवार, 6 मई, 1985
16 वैशाख, 1907 (शक)

# लोक सभा वाद-विवाद
# का
# हिन्दी संस्करण

दूसरा सत्र
( आठवीं लोक सभा )

सत्यमेव जयते

(खंड 5 में अंक 30 से 40 तक हैं)

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

मूल्य : चार रुपये

[अंग्रेजी संस्करण में सम्मिलित मूल अंग्रेजी कार्यवाही और हिन्दी संस्करण में सम्मिलित मूल हिन्दी कार्यवाही ही प्रामाणिक मानी जायेगी। उनका अनुवाद प्रामाणिक नहीं माना जायेगा]

# विषय-सूची

अष्टम माला, खंड 5, दूसरा सत्र, 1985/1907 (शक)

अंक 37, सोमवार, 6 मई, 1985/16 वैशाख, 1907(शक)


| विषय | पृष्ठ |
| --- | --- |
| निधन सम्बन्धी उल्लेख | 1 |

# लोक सभा

सोमवार, 6 मई, 1985/16 वैशाख, 1907 (शक)

लोक सभा 11 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

## निधन सम्बन्धी उल्लेख

**अध्यक्ष महोदय** : मुझे वर्तमान लोक सभा के सदस्य डा० सरदीश राय और पांचवीं लोक सभा के सदस्य श्री राम नारायण शर्मा के दुखद निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

डा. सरदीश राय पिछले आम चुनावों में पश्चिम बंगाल बोलपुर निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के लिये चुने गये थे। वह 1962-67 और 1971-84 के दौरान क्रमश: तीसरी, पांचवीं, छठी और सातवीं लोकसभा के भी सदस्य रहे। वह पेशे से चिकित्सक थे, डा. राय ने श्रमिक वर्ग के कल्याण में गहरी रुचि दिखाई। वह भारतीय चिकित्सा संघ से संबद्ध रहे।

वह एक योग्य संसद्विद थे तथा सभा की कार्यवाही में पूरी रुचि लेते थे। वह लोक सभा में अपने ग्रुप के नेता थे। डा. राय कार्य मंत्रणा समिति तथा अन्य संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

डा. सरदीश राय का निधन 67 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में 5 मई, 1985 को हुआ।

श्री राम नारायण शर्मा बिहार के धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से 1971-77 के दौरान पांचवीं लोक सभा के सदस्य थे। उससे पहले वह 1952-68 के दौरान 16 वर्षों तक बिहार विधान सभा के सदस्य रहे।

वह एक वयोवृद्ध स्वतन्त्रता सेनानी थे और उन्होंने स्वतन्त्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया तथा कई वर्षों तक जेल में रहे।

वह एक सुप्रसिद्ध कार्मिक संघ नेता तथा सामाजिक कार्यकर्ता थे। श्री शर्मा कई कार्मिक संघों और सामाजिक संगठनों से सबद्ध थे। उन्होंने श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य किया तथा उनके हितों के लिए संसद से बाहर तथा संसद के अन्दर सशक्त प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने देश-विदेश की बहुत यात्रा की और अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन की कोयला समिति की बैठक में और 1960 में स्टॉकहोम के अन्तर्राष्ट्रीय खनक महासंघ के वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया।

श्री राम नारायण शर्मा का निधन 70 वर्ष की आयु में धनबाद में 11 अप्रैल, 1985 को हुआ।

हम इन मित्रों की मृत्यु पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। और मुझे पूर्ण विश्वास है कि शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करने में सदन मेरा साथ देगा।

अब सदस्यगण कुछ क्षण के लिये मौन खड़े होंगे।

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर के लिए मौन खड़े रहे।

**अध्यक्ष महोदय** : डा. सरदीश राय का पार्थिव शरीर 2 बजे तक अन्तिम दर्शनों के लिये 14 अशोक रोड पर रखा जायेगा।

सभा को स्थगित करने से पूर्व, मैं अनुदानों की मांगों के निपटाए जाने के लिए आज शाम के लिए निर्धारित 6 बजे के समय में परिवर्तन करने के सम्बन्ध में सदन की राय जानना चाहूंगा। क्या बकाया मांगों का गिलोटीन कल मंगलवार, 7 मई, 1985 को शाम 6 बजे कर लिया जाए? क्या सदस्यगण इसके लिए सहमत हैं?

**अनेक माननीय सदस्य** : जी हां, हम सहमत हैं।

**अध्यक्ष महोदय** : अब सभा 7 मई, 1985, मंगलवार के 11 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

11.05 म०प०

**तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 7 मई, 1985/17 बैशाख, 1907 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।**

मुद्रक : प्रिन्टवैल प्रिन्टर्स, दिल्ली-92